# भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग का उदय

## प्रलिम्सि के लिये:

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र, वेंचर कैपिटल, POEM

## मेन्स के लिये:

भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप, 2020 के अंतरिक्ष क्षेत्र सुधार और उनके प्रभाव

**स्रोत: बिज़िनेस स्टैंडर्ड**

## चर्चा में क्यों?

2020 के अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों से प्रेरित **भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी** में वृद्धि से संबद्ध क्षेत्र में निजी अभिकर्त्ताओं को अनुमति प्रदान कर नवाचार और निवेश में महत्त्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की निरंतर उपलब्धियाँ, **भारत के अंतरिक्ष तकनीक स्टार्टअप** के साथ, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अन्वेषण और व्यावसायीकरण में तेज़ी से प्रगति कर रही हैं।

## भारत का निजी अंतरिक्ष उद्योग किस प्रकार विकसित हुआ है?

- **निजी भागीदारी: भारत में** वर्तमान में **200** से भी अधिक **अंतरिक्ष स्टार्टअप** सक्रिय हैं, जो ISRO की सुविधाओं (ISRO की परीक्षण, प्रक्षेपण और ग्राउंड स्टेशन सुविधाएँ) का लाभ उठाते हैं।
  - भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास में तेज़ी लाने के लिये विनियामक और वित्तीय सहायता (1,000 करोड़ रुपए के वेंचर कैपिटल (VC) **फंड**) प्रदान की है।
  - ISRO की वाणिज्यिक शाखा, एंटरिक्स कॉर्पोरेशन ने उपग्रह प्रक्षेपण और निजी कंपनियों को प्रौद्योगिकी का अंतरण करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - POEM (PSLV ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंटल मॉड्यूल) कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप पेलोड की संख्या में वृद्धि हुई, जो **वर्ष 2022 में 6** थी और **वर्ष 2024** में बढ़कर **24** हो गई।
- **निजी निवेश:** अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था निजी निवेश से प्रेरित है, जो तेज़ी से बढ़ रही है।
- **माउंटटेक ग्रोथ फंड- कवच (MGF-कवच) उद्यम पूंजी वित्तपोषण के माध्यम से घरेलू निवेश को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें पिछले 3 वर्षों में स्टार्टअप्स ने 2,500 करोड़ रुपए जुटाए हैं।**
  - MGF-कवच श्रेणी II के अंतर्गत भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा पंजीकृत **वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)** है।
- **भारतीय स्टार्टअप की प्रगति:** GalaxEye ने विश्व का पहला **ऑप्टिकल इमेजरी के साथ सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR)** का संलयन किया, जिससे तीव्र डेटा संपीड़न संभव हुआ।
  - **पिक्सल (Pixxel)** विश्व का सबसे उन्नत **हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह समूह (Firefly) विकसित कर रहा है**, जबकि इंस्पेसिटी (आईआईटी बॉम्बे) उपग्रह की मरम्मत और ईंधन भरने के लिये इन-ऑर्बिट डॉकिंग पर कार्य कर रहा है।
    - **स्काईरूट (Skyroot) और अग्निकुल (Agnikul)** लागत प्रभावी उपग्रह तैनाती के लिये अग्रणी निजी प्रक्षेपण यान हैं।

## अंतरिक्ष क्षेत्र सुधार 2020:

- भारत के **अंतरिक्ष क्षेत्र सुधार 2020** ने भारत की वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये उपग्रह डिज़ाइन, प्रक्षेपण यान निर्माण और ग्राउंड स्टेशन सेवाओं सहित सभी अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी भागीदारी का विस्तार किया।
- **IN-SPACe** की स्थापना एक नियामक निकाय के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य **निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक** बनाना तथा बढ़ावा देना है, तथा यह **गैर-सरकारी निजी संस्थाओं (NGPEs)** को ISRO के लिये केवल विक्रेता बनने के बजाय अंतरिक्ष-आधारित गतिविधियों में

संलग्न होने को सक्षम बनाता है।

- इन सुधारों द्वारा [न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)](#) के माध्यम से **ISRO से निजी संगठनों तक** प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को भी बढ़ावा दिया गया है।

## भारत के अंतरिक्ष उद्योग के समक्ष क्या चुनौतियाँ हैं?

- **वित्तपोषण और निवेश में अंतराल:** उद्यम पूंजी में रुचि बढ़ने के बावजूद प्रारंभिक स्तर का निवेश अभी भी दुर्लभ है, जिससे कंपनियों के लिये विकास करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।
- **प्रतिभा की कमी:** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में **विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों और पाठ्यक्रमों की कमी** प्रतिभा विकास में बाधा डालती है।
    - केवल एक ही भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी संस्थान (IIST) मौजूद है, जिससे अधिक संस्थानों एवं उद्योग-अकादमिक सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश पड़ता है।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा: अमेरिका, चीन और रूस** जैसे देशों के उन्नत अंतरिक्ष कार्यक्रम हैं जिनमें पुन: प्रयोज्य अंतरिक्ष यान, अंतरिक्ष पर्यटन एवं व्यापक उपग्रह समूह शामिल हैं।
    - भारत इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है लेकिन **अनुसंधान एवं विकास** के सीमित होने से इसमें बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं।
- **विदेशी प्रक्षेपण यान:** यद्यपि भारत ने प्रक्षेपण क्षमताएँ विकसित कर ली हैं लेकिन कई **स्टार्टअप** लागत तथा समय-सीमा संबंधी बाधाओं के कारण [स्पेसएक्स के फाल्कन-9](#) **जैसे विदेशी रॉकेटों** पर निर्भर हैं।
    - इस क्रम में निर्भरता कम करने के लिये **अधिक कुशल एवं पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यानों** का विकास करना आवश्यक है।

## आगे की राह

- **अनुसंधान एवं विकास के साथ बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देना:** अंतरिक्ष-ग्रेड घटकों के लिये [उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना](#) के माध्यम से उपग्रह घटकों के घरेलू विनिर्माण का विस्तार करना चाहिये।
    - कुशल कार्यबल तैयार करने के क्रम में **IISTs तथा IITs** में अधिक संख्या में **अंतरिक्ष-केंद्रित पाठ्यक्रम** शुरू करने चाहिये।
    - उपग्रह और प्रक्षेपण यान निर्माण के लिये एक मज़बूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये **स्पेस कोस्ट, फ्लोरिडा की तरह एक समर्पित अंतरिक्ष औद्योगिक गलियारा** विकसित करना।
- **वैश्विक सहयोग:** अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों (नासा, ESA, रोस्कोस्मोस) के साथ **द्विपक्षीय समझौतों** को मज़बूत करना।
    - उपग्रह प्रक्षेपण को अधिक किफायती बनाने के लिये स्टार्टअप्स के लिये **राइडशेयर मिशन** को बढ़ावा देना।
- **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण:** [ISRO की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पहल](#) का विस्तार करना, ताकि स्टार्टअप्स को घरेलू नवाचारों का व्यवसायीकरण करने में सक्षम बनाया जा सके।
    - कृषि, आपदा प्रबंधन और शहरी नियोजन जैसे उद्योगों के लिये अनुप्रयोग विकसित करने हेतु अंतरिक्ष स्टार्टअप का लाभ उठाना, जिससे वाणिज्यिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

***??????? ?????? ???????:***

**प्रश्न:** भारत के अंतरिक्ष उद्योग में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने में वर्ष 2020 के अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों के महत्त्व पर चर्चा कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????***

**प्रश्न. भारत की अपना स्वयं का अंतरिक्ष केंद्र प्राप्त करने की क्या योजना है और हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को यह किस प्रकार लाभ पहुँचाएगी? (2019)**

**प्रश्न. अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर चर्चा कीजिये। इस तकनीक के अनुप्रयोग ने भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में किस प्रकार सहायता की? (2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rise-of-india-s-private-space-industry